**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर।**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 8 (क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि गोरखपुर में स्थित स्मिता मोदी नर्सिंग होम में उसके संचालन वर्ष 2018 से अब तक वर्षवार किन-किन स्तर के चिकित्सक, विशेषज्ञ, कम्पाउन्डर, नर्स, वार्ड ब्वाय, ओटी सहायक एवं अन्य स्टाफ को वेतन एवं भत्ते का भुगतान कितना कितना किया गया? | गोरखपुर स्थित स्मिता मोदी नर्सिंग होम एक 10 शैय्या युक्त निजी चिकित्सालय है, जो मुख्य चिकित्साधिकारी, गोरखपुर के कार्यालय में 02 चिकित्सकों व 02 पैरामेडिकल स्टाफ के साथ पंजीकृत है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निजी चिकित्सालयों से कर्मचारियों को प्रदत्त वेतन व भत्तों की सूचना संकलित नहीं की जाती है। |
| (ख) | क्या इनके वेतन का भुगतान बैंक खाते द्वारा किया जाता है? | निजी चिकित्सालयों द्वारा श्रम कानूनों का अनुपालन करना मुख्य चिकित्साधिकारी के क्षेत्राधिकार का बिन्दु नहीं है और तदनुसार उनके द्वारा इन बिन्दुओं पर सूचना एकत्र नहीं की जाती है। |
| (ग) | क्या उक्त नर्सिंग होम में कार्यरत सभी चिकित्सक, विशेषज्ञ या अन्य कर्मियों को ई0पी0एफ0 की सुविधा प्रदान की गई है? | जी नहीं । |
| (घ) | यदि हाँ, तो क्या ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ङ) | यदि नही, तो क्यों? | कर्मचारी भविष्य निधि की धारा 1 (13) (बी) तथा विविध प्राविधान अधिनियम 1952 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि इस अधिनियम के प्राविधान उस प्रतिष्ठान पर लागू होते है जो 20 या अधिक व्यक्तियों को रोजगार देता है। |
| (च) | क्या उक्त की जाँच कराकर जाँच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री